30-3-89

नगर- परिषद जौनपुर की द्वितीय बैठक दिनांक 30-3-1989 दिन बृहस्पतिवार, जो अपरान्ह 05-30 बजे श्री सीतारामयादव अध्यक्ष की अध्यक्षता में टाउनहाल पर सम्पन्न हुयी जिसमें 25 (पच्चीस) सदस्य उपस्थित रहे, जिनके नाम व कार्यवाई निम्न प्रकार हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री सीताराम यादव | अध्यक्ष |
| 2 | " राजेन्द्र प्रताप सिंह | सदस्य |
| 3 | " बाबूराम | नामित सदस्य |
| 4 | डा० श्री कृष्ण कुमार | सदस्य |
| 5 | श्री कैलाश नाथ | " |
| 6 | " विद्यासागर सोनकर | " |
| 7 | " मिठाई लाल | " |
| 8 | " राम अधार यादव | " |
| 9 | " मुख्तार अहमद | " |
| 10 | " ज्यारत हुसैन | " |
| 11 | " शोभनाथ आर्य | " |
| 12 | डा० सुनील श्रीवास्तव | " |
| 13 | श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह | " |
| 14 | " नरेन्द्र बहादुर | " |
| 15 | " सैय्यद मेहदी हसन | " |
| 16 | " मो० सलीम | " |
| 17 | " शिव कुमार | " |
| 18 | " गणेश नाथ | " |
| 19 | " बाबूलाल गुप्ता | " |
| 20 | " नजीर | " |
| 21 | " रमजान खां | " |
| 22 | श्रीमती नसरीन अब्बास | नामितसदस्य |
| 23 | श्री अनस रजा | सदस्य |
| 24. | " दयाशंकर | " |
| 25 | " वीरेन्द्र प्रताप यादव | " |
| 26 | " दुबलाल | " |

Scanned with OKEN Scanner

## :विशेष प्रस्ताव:

30-3-89

| प्रस्ताव | निर्णय |
|---|---|
| 1. सिटी बोर्ड जौनपुर के वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक की स्वीकृति हेतु विशेष प्रस्ताव पर विचार. | आय व्ययक के आँकड़े एवं विस्तृत विवरण प्रस्तुत किये गये, जिसमें कुल अनुमानित आय रु 2,07,63,810=00 तथा कुल अनुमानित व्यय रु 2,04,11,400=00 के बाद अंतिम अवशेष रु. 3,52,410=00 रहा।<br><br>आय-व्ययक पर मान्य सदस्यगण डा० कृष्णकुमार, श्री शोभनाथ आर्य, डा० सुनील श्रीवास्तव, श्री अनसरजा, श्री बाबूलालगुप्त, श्री राजेन्द्रप्रतापसिंह, श्री वीरेन्द्र प्रताप यादव, ने चर्चा में विशेष भाग लिया। आय पक्ष के सन्दर्भ में आयवृद्धि हेतु मान्य सदस्य डा० सुनील श्रीवास्तव ने स०जी मंडी तहबाजारी की वसूली ठेके पर कराने का सुझाव दिया, जिस पर मान्य सदस्यों ने समर्थन दिया। चर्चा के बाद आय पक्ष रु 2,07,63,810=00 यथावत सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।<br><br>व्यय पक्ष में मान्य सदस्य डा० कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ने सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के लिये प्रस्तावित विशेष सहायक अनुदान को स्थगित करने का सुझाव दिया, जिसपर मान्य सदस्य श्री बाबूलाल गुप्त ने असहमति व्यक्त की तथा मान्य सदस्य श्री शोभनाथ आर्य ने सार्वजनिक जल स्तंभों के मरम्मत |

30-3-89

हेतु अधिक धनराशि की व्यवस्था का सुझाव दिया जिसका मान्य सदस्यों ने समर्थन किया। इस मद में रु० 5,000=00 की धनराशि और बढ़ायी गयी। शेष मदें यथावत सर्वसम्मति से स्वीकृत की गयी।

उपरोक्तानुसार वर्ष 1989-90 का आय व्ययक विशेष प्रस्ताव द्वारा सर्व सम्मति से स्वीकृत किया गया, जिसके अनुसार कुल प्रस्तावित आय व्यय एवं अंतिम अवशेष निम्नवत हैं:

1. कुल प्रस्तावित आय - 2,07,63,810=00
2. कुल प्रस्तावित व्यय 2,04,16,400=00
3. अंतिम अवशेष - 3,47,410=00

[signature]
अधिशासी-अधिकारी,
सिटी-बोर्ड
जौनपुर
अधिशासी अधिकारी
सिटी बोर्ड, जौनपुर
30-3-89

[signature]
अध्यक्ष
सिटी बोर्ड,
जौनपुर
(सीताराम यादव)
30-3-89
अध्यक्ष
सिटीबोर्ड, जौनपुर

## सामान्य प्रस्ताव

30-3-89



| प्रस्ताव | निर्णय |
|---|---|
| 1. पिछली बैठक दिनांक 25.2.89 की कार्यवाही की पुष्टि. | पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़ी गयी तथा पुष्ट की गयी। |
| 2. उपाध्यक्ष पद के चुनाव हेतु विचार. | उपाध्यक्ष पद के चुनाव हेतु तिथि निश्चित करने हेतु सर्वसम्मति से अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। |
| 3. समितियों एवं उपसमितियों के गठन पर विचार. | अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। |
| 4. एक नई डीजल जीप "महेन्द्रा एण्ड महेन्द्रा" क्रय करने हेतु वित्तीय स्वीकृति पर विचार मय आख्या चुंगी-अधीक्षक. | रु० 1,57,425=00 का व्यय-भार सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया तथा आगे की कार्यवाही हेतु अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। |
| 5. जलकल विभाग में कार्यरत 39 दैनिक पम्प अटेन्डेन्टें तथा 6 दैनिक वेतन भोगी बेलदारों की स्वीकृति आगे बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में विचार. | दिनांक 1.4.89 से आगे तीन माह के लिये सर्वसम्मति से पूर्व अनुमोदित दर पर स्वीकृत. |
| 6. सफाई विभाग में कार्यरत 25 सफाई कर्मचारियों तथा 3 सफाई ट्रैक्टरों पर दैनिक वेतन भोगी 9 सफाई कर्मचारियों की स्वीकृति आगे बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में विचार. | दिनांक 1.4.89 से आगे तीन माह के लिये सर्वसम्मति से पूर्व अनुमोदित दर पर स्वीकार. |

Scanned with OKEN Scanner

30-3-89

7. अन्य विषय अध्यक्ष की स्वीकृति से -

1. मान्य सदस्य श्री जनसरजा ने सेवानिवृत्त / मृतक कर्मचारियों के पेंशन पर हो रहे विलम्ब की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये पेंशन निस्तारण हेतु तत्काल निर्णय लिये जाने हेतु मांग की जिस पर अध्यक्ष द्वारा यथाशीघ्र नियमानुसार निर्णय लिये जाने का आश्वासन दिया गया।

(2) मान्य सदस्य डा० कृष्णकुमार श्रीवास्तव ने बोर्ड के पूर्व अधिकार जो शासन द्वारा ले लिये गये हैं, की वापसी हेतु माननीय प्रधान मंत्री / मुख्य मंत्री / नगर विकास मंत्री को लिखने हेतु सुझाव दिया जिसे मान्य सदस्यों ने समर्थित किया, इस पर आगे की कार्यवाई हेतु अध्यक्ष को अधिकृत किया गया।

(3) मान्य सदस्य श्री जनसरजा, श्री शिव कुमार गुप्त श्री दयाशंकर ने नगर में अनिश्चित जलापूर्ति की ओर ध्यानाकर्षित किया, अध्यक्ष की अनुमति से जल-कल-अभियन्ता ने स्थिति स्पष्ट किया। अध्यक्ष ने

इस ओर विशेष ध्यान सतर्कता बनाये रखने का निर्देश दिया।

(4) माननीय सदस्य श्री मुख्तार अहमद, श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह, श्री अनवारुल्ला, श्री बाबू लाल गुप्त, श्री मदन रावत, श्री दयाशंकर ने नगर में गन्दगी की ओर ध्यान आकृष्ट किया। अध्यक्ष की ओर से सफाई व्यवस्था बनाये रखने हेतु हर सम्भव उपाय करने का आश्वासन दिया गया।

(हस्ताक्षर)
अधिशासी-अधिकारी,
सिटी-बोर्ड
जौनपुर
अधिशासी अधिकारी
सिटी बोर्ड, जौनपुर
30-3-89

(हस्ताक्षर) सीताराम यादव
अध्यक्ष,
सिटी-बोर्ड
(सीताराम यादव)
अध्यक्ष
सिटीबोर्ड, जौनपुर